सराहनीय कार्य

इटावा पुलिस

प्रेस नोट- दिनांक 23.06.2024

आत्महत्या के लिये उकसाने वाले 01 अभियुक्त को इटावा पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार , कब्जे से 01 मोबाइल किया गया बरामद।

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण में **थाना फ्रेंण्डस कालोनी पुलिस** द्वारा की गयी कार्यवाही।

घटना का संक्षिप्त विवरणः-

वादिनी आशा देवी पत्नी सोनू कुमार निवासी नारायण अड्डा न्यू कालोनी थाना फ्रेण्डस कालोनी जनपद इटावा द्वारा थाना फ्रेण्डस कालोनी पर सूचना दी गयी कि **दिनांक 21.05.2024** को वादिनी की बेटी ने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। घटना के संबंध में थाना फ्रैण्ड्स कालोनी पुलिस द्वारा गहनता से जांच की गयी तो यह तथ्य प्रकाश में आया कि प्रेम संबंध के चलते वादिनी की पुत्री द्वारा आत्महत्या की गयी है। जिसके सम्बन्ध में **थाना फ्रेंण्डस कालोनी पर मु0अ0सं0 123/2024 धारा 306 भादवि** पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरण-

जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं वारंटी/वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में दिनांक 23.06.2024 को थाना फ्रेण्डस कालोनी पुलिस द्वारा भरथना चौराहे पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग की जा रही थी इसी दौरान प्राप्त आपराधिक अभिसूचना के आधार पर थाना फ्रेण्डस कालोनी पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 123/2024 धारा 306 भादवि से संबंधित **अभियुक्त शनि पुत्र अरविन्द कुमार** को भरथना ओवर ब्रिज के नीचे से **समय 10.44 बजे गिरफ्तार किया गया।**

नोटः- मुकदमा उपरोक्त की विवेचना में मकान मालिक वी0के0 टेलर उर्फ बालकिशन तथा शिवम शाक्य का नाम प्रकाश में आया है जिनकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम प्रयासरत है।

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. शनि कुशवाहा पुत्र अरविन्द कुमार निवासी तुलसी अड्डा थाना फ्रेण्डस कालोनी जनपद इटावा **उम्र करीब 26 वर्ष**

पंजीकृत अभियोगः-

1. मु0अ0सं0 123/2024 धारा 306 भादवि थाना फ्रेण्डस कालोनी जनपद इटावा।

बरामदगी-

1. **01 मोबाइल (ओप्पो कम्पनी)**

पुलिस टीम- निरीक्षक श्री दिवाकर प्रसाद सरोज प्रभारी थाना फ्रेण्डस कालोनी इटावा, निरी0 अपराध श्री धर्मेन्द्र कुमार मिश्र, हे0का0 रविशंकर, चालक हे0का0 प्रवीण कुमार, म0का0 दिव्या शर्मा।